Title: The Speaker made reference to the passing away of Shri B.V.N. Reddy, member, 11th, 12th and 13th Lok Sabhas.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को लोक सभा के पूर्व सदस्य श्री बी.वी.एन. रेड्डी के दुःखद निधन के बारे में सूचना देनी है।

श्री बी.वी.एन रेड्डी आंध्र प्रदेश के नांदयाल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 11वीं से 13वीं लोक सभा के सदस्य थे।

इस दौरान वे वित्त संबंधी समिति, विदेशी मामलों संबंधी समिति, परिवहन और पर्यटन, ऊर्जा संबंधी समिति और संसद सदस्यों हेतु कम्प्यूटरों का प्रावधान संबंधी समिति के सदस्य थे।

वर्तमान में श्री रेड्डी आंध्र प्रदेश विधान सभा के सदस्य थे। पूर्व में भी वे सन् 1992 से 1996 के दौरान आंध्र प्रदेश विधान सभा के सदस्य रहे।

श्री बी.वी.एन. रेड्डी का निधन 53 वर्ष की आयु में 12 मार्च, 2017 को आंध्र प्रदेश के नांदयाल में हुआ।

हम श्री बी.वी.एन. रेड्डी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं और यह सभा शोकसंतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती है।

अब सभा दिवंगत आत्मा के सम्मान में थोड़ी देर मौन खड़ी रहेगी।

(The Members then stood in silence for short while.)

â€¦(व्यवधान)